आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 29.08.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. ''शांतिपूर्ण और समावेशी समाजों को प्रोत्साहन देने के लिए खेल'' विषय के साथ आज देश भर में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है।
2. अनिडको के दुग्ध प्रभाग की ओर से द्वीपसमूह में पहला मोबाइल मिल्क पार्लर शुरू किया गया है।
3. एनएसएस की ओर से जुलाई, 2025 से जून, 2026 की अवधि के लिए घरेलू पर्यटन व्यय सर्वेक्षण किया जा रहा है।
4. द्वीपसमूह में आज एक या दो स्थानों पर तेज़ हवा के साथ वर्षा होने की संभावना है।

<><><><><><><>

देशभर में आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस हर वर्ष 29 अगस्त को हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस का विषय है– शांतिपूर्ण और समावेशी समाजों को प्रोत्साहन देने के लिए खेल। यह विषय इस बात पर बल देता है कि कैसे खेल बाधाओं को तोड़ सकते हैं, टीम वर्क को बढ़ावा दे सकते हैं और क्षेत्र, धर्म या पृष्ठभूमि के मतभेदों से परे लोगों को एक साथ ला सकते हैं। यह खेलों को समुदायों में शांति, समावेशिता और सद्भाव के साधन के रूप में उपयोग करने पर केंद्रित है। इस आयोजन के साथ, फिट इंडिया मिशन आज से 31 अगस्त तक तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम आयोजित करेगा। "एक घंटा, खेल के मैदान में" जैसे अभियान लोगों को प्रतिदिन कम से कम एक घंटा आउटडोर खेलों और शारीरिक गतिविधियों के लिए समर्पित करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में खेल एवं युवा मामले निदेशालय हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में आज राष्ट्रीय खेल दिवस मना रहा है। इस समारोह के एक भाग के रूप में, अंडमान निकोबार खेल महोत्सव – फिट इंडिया मशाल रिले का आयोजन द्वीपों के तीन जिलों में "हर द्वीप, हर किनारा – खेले सारा अंडमान निकोबार" थीम के तहत किया जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान, उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने ओलंपिक शैली की तीन "फिटनेस की लौ" मशालों का शुभारंभ किया। खेल निदेशालय की ओर से कई खेल गतिविधियों के आयोजन किए गए। इन टूर्नामेंट के विजेताओं

को आज नेताजी स्टेडियम में आयोजित समापन समारोह में ट्रॉफी और पदक से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय के मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार, महोत्सव के समापन के लिए कल और 31 अगस्त को भी विभिन्न खेलों के आयोजन किए जाएंगे। फिट इंडिया अंडमान निकोबार खेल महोत्सव में द्वीपों के हजारों छात्रों, शिक्षकों, एथलीटों और समुदाय ने भाग लिया।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने बाराटांग और शिबपुर, डिगलीपुर के बीच चल रहे राष्ट्रीय राजमार्ग–4 के कार्यों की धीमी प्रगति के संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के हस्तक्षेप का स्वागत किया है। सांसद द्वारा उनके समक्ष उठाई गई समस्याओं का जवाब देते हुए, श्री गडकरी ने मामले की समीक्षा की और एक अधिसूचित आदेश पत्र के माध्यम से परियोजना की वर्तमान स्थिति, देरी के कारणों से अवगत कराया। उन्होंने एन एच आई डी सी एल के अधिकारियों और ठेकेदारों को यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संशोधित समय–सारिणी का कड़ाई से पालन करने का भी निर्देश दिया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह एकीकृत विकास निगम लिमिटेड के दुग्ध प्रभाग की ओर से द्वीपसमूह में पहला मोबाइल मिल्क पार्लर शुरू किया गया है। इस मोबाइल मिल्क पार्लर का उद्घाटन कल मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक चंचल यादव, कार्यकारी निदेशक, दुग्ध संयंत्र पल्लवी सरकार, महाप्रबंधक, दुग्ध संयंत्र अभिषेक गुलिया, वरिष्ठ प्रबंधक, दुग्ध संयंत्र राजेंद्र कुमार, अनिडको के कर्मचारी और प्रशासन के अधिकारी उपस्थिति थे। इस पहल की शुरूआत किफायती और गुणवत्तापूर्ण डेयरी उत्पादों की आपूर्ति के माध्यम से द्वीपसमूह के लोगों में पोषण सुरक्षा को बढ़ावा देने और स्थानीय रूप से उत्पादित दूध और दुग्ध उत्पादों की बाजार मांग को भी मजबूत करना है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण –एनएसएस के अंतर्गत जुलाई, 2025 से जून, 2026 की अवधि के लिए घरेलू पर्यटन व्यय सर्वेक्षण किया जा रहा है। यह सर्वेक्षण चयनित नमूना इकाइयों में किया जा रहा है। अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी निदेशालय लम्बा लाईन स्थित राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय के क्षेत्रीय संचालन प्रभाग के साथ इस सर्वेक्षण में भाग ले रहा है। डीटीईएस घरेलू पर्यटन पर व्यय की

विस्तृत जानकारी के साथ–साथ घरेलू रात्रि यात्राओं से संबंधित घरेलू, आगंतुक और यात्रा विशेषताओं की कुछ जानकारी भी एकत्र करेगा, जो पर्यटन मंत्रालय द्वारा पर्यटन उपग्रह खाता तैयार करने के लिए आवश्यक है। आम जनता से डेटा संग्रहण प्रक्रिया के दौरान गणनाकारों और पर्यवेक्षकों को सहयोग देने की अपील की गई है। एकत्र की गई सभी जानकारी पूर्णतः गोपनीय रहेगी।

<><><><><><><>

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत, मायाबंदर स्थित डॉ. आर.पी. अस्पताल के जिला टीबी केंद्र की ओर से कल आयुष्मान आरोग्य मंदिर, करमाटांग में एक निक्षय शिविर का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्र की संवेदनशील आबादी की चिकित्सा जांच करना था। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारियों ने क्षय रोग के बारे में जानकारी देते हुए रोग के शीघ्र पहचान और समय पर उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में कुल 54 लोगों की स्क्रीनिंग की गई।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में आज एक या दो स्थानों पर तेज़ हवा के साथ वर्षा होने की संभावना है। अगले तीन दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि  चालीस से पचास किलोमीटर की रफ्तार से हवा चलेगी, जिसके बढ़कर पचपन किलोमीटर प्रतिघंटा होने की संभावना है। इस दौरान समुद्र काफी अशांत रहेगा। मछुआरों को 31 और 1 सितम्बर को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

पहला अंडमान निकोबार अंतर्राष्ट्रीय फीडे रेटेड ओपन शतरंज टूर्नामेंट का कल समापन हो गया। अंडमान निकोबार शतरंज एसोसिएशन द्वारा शिक्षा एवं खेल विभाग के सहयोग से आयोजित इस पाँच दिवसीय मेगा इवेंट में 20 से अधिक भारतीय राज्यों और श्रीलंका, नेपाल और अमेरिका के 350 प्रतिभागियों ने भाग लिया। टूर्नामेंट में केरल के ए. अरुश ने चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती। समापन समारोह में पुलिस महानिदेशक हरगोबिंदर सिंह धालीवाल मुख्य अतिथि, जबकि अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के आयोजन आयोग के सदस्य भावेश पटेल सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। गणमान्य व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से विजेताओं को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए। मुख्य पुरस्कारों के अलावा, विभिन्न आयु वर्गों में विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

<><><><><><><>

बफल रेंज में एक सितम्बर को छोटे हथियारों से फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास सुबह साढ़े नौ बजे से एक बजे तक चलेगा।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

द डेली टेलीग्राम्स ने राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह के दौरान खेल महोत्सव 2025 का आयोजन करने के समाचार को प्रमुखता देते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। सांसद द्वारा चाथम कॉजवे और अतिरिक्त पुल के निर्माण और धनराशि की तत्काल स्वीकृति के लिए केन्द्र से आग्रह करने के समाचार को द्वीप समाचार के अलावा अधिकतर समाचार पत्रों में जगह मिली है। द इको ऑफ इंडिया ने मुख्य सचिव द्वारा पहले मोबाइल दुग्ध पार्लर के उद्‌घाटन, जबकि डिगलीपुर में मशाल रिले के आयोजन के समाचार को इंफो इंडिया ने प्रकाशित किया है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने द्वीपसमूह में गणेश पूजा उत्सव के समाचार को अपने पेपर में प्रमुखता से छापा है।

<><><><><><><>